## कार्यालय प्राचार्य, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नई टिहरी, टि०ग०।

छात्रवृत्ति सम्बन्धी सूचना दिनांक 20 अगस्त 2026

महाविद्यालय के सत्र 2026–27 में अध्ययनरत् अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग (EBC) के समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि दशमोत्तर छात्रवृत्ति हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 सितम्बर, 2026 है।

अतः इच्छुक छात्र/छात्राएं एन0एस0पी0 **(NSP)** पोर्टल पर ओ0टी0आर0 **(OTR)** जनरेट कर ऑनलॉइन आवेदन करने के उपरान्त आवेदन पत्र की एक प्रति निम्नलिखित प्रमाण पत्रों के साथ संलग्न कर दिनांक 30 सितम्बर, 2026 तक महाविद्यालय में जमा करवाना सुनिश्चित करें:–

1. मूल निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
2. जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
3. नवीनतम आय प्रमाण पत्र।
4. प्रवेश शुल्क रसीद की छायाप्रति।
5. बोनाफाइड प्रमाण पत्र।
6. बैंक पासबुक की छायाप्रति।
7. हाईस्कूल की अंकतालिका/प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
8. इंटरमीडिएट की अंकतालिका/प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
9. अंतिम उत्तीर्ण परीक्षा की अंकतालिका की छायाप्रति।
10. आधार कार्ड की छायाप्रति।
11. छात्र/छात्राओं के द्वारा स्वलिखित घोषणा पत्र, जिसमें लिखा हो कि–

**"मैं राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नई टिहरी में सत्र–2026–2027 का संस्थागत छात्र/छात्रा हूँ। उक्त महाविद्यालय के अलावा मैं अन्य किसी भी शिक्षण संस्थान/ महाविद्यालय/ विश्वविद्यालय में अध्ययनरत् नहीं हूँ।"**

नोटः–विगत वर्ष में दशमोत्तर छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि शैक्षणिक सत्र 2026–27 के नवीनीकरण की अन्तिम तिथि 30 सितम्बर, 2026 है। कृपया उक्त तिथि तक अपना आवेदन पत्र भरना सुनिश्चित करें।

20/8/26

प्राचार्य
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
नई टिहरी, टिहरी गढ़वाल।

20/8/2026

संयोजक
दशमोत्तर छात्रवृत्ति

प्रतिलिपिः– महाविद्यालय वेबसाइट/सूचना पट्ट।